# मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

## रोवर्स–2016–2017

### एक दिवसीय शिविरों की आख्या

दिनांक **14.09.16** दोपहर 3 बजे प्राचार्य महोद्‌य द्वारा प्राचार्य कक्ष में रोवर्स/रेंजर्स के लीडर्स के लिये एक बैठक आहुत की गई। जिसमें रोवर्स लीडर के रूप में **डॉ0 मयंक मोहन जी** तथा **रेंजर्स लीडर** के रूप में **डॉ0 सीमाराज जी** उपस्थित थी। इस बैठक में गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई तथा सत्र **2016–17** के लिये सम्पन्न होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। प्राचार्य महोद्‌य द्वारा चालू सत्र के लिये निम्न कार्यों को प्रमुखता प्रदान करने का अनुमोदन किया गया–

1. रोवर्स–रेंजर्स के कार्यों के लिये जिस सामान की आवश्यकता हो उन्हें इसी सत्र में क्रय किया जाये।
2. सप्ताह में कम से कम तीन दिन रोवर्स–रेंजर्स के कैम्प लगाये जायें।
3. अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रोवर्स–रेंजर्स से जोडा जाये।
4. रोवर्स–रेंजर्स को सामाजिक कार्यों के प्रति उन्मुख किया जाये।
5. रोवर्स–रेंजर्स के प्रशिक्षण का उचित प्रबन्ध किया जाये।
6. विशेष दिवसों पर प्रशासन की अनुमति लेकर तथा उनके निर्देशानुसार अपने महाविद्यालय के रोवर्स–रेंजर्स को उनके सहयोग के लिये भेजा जाये।
7. रोवर्स–रेंजर्स के कैम्प द्वारा किये गये कार्यों की त्रैमासिक रिपोर्ट **डॉ0 विवेकशील**, **आई0 क्यू0 ए0 सी0** तथा कार्यालय में जमा की जाये।

# <u>मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर</u>

## <u>रोवर्स–2016–2017</u>

### <u>शिविरों की आख्या</u>

सत्र **<u>2016–17</u>** में महाविद्यालय में हम दोनों लीडर्स ने दो, एक दिवसीय कैम्प (दिनांक **<u>07, 08 नवम्बर</u>** में) लगाकर **रोवर्स/रेंजर्स** ईकाईयों में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों से सम्पर्क बनाना प्रारम्भ कर दिया तथा शीघ्र ही अपने–अपने **रोवर्स/रेंजर्स** क्रु बना लिये।

दिनांक **19, 22** एवं **21 <u>दिसम्बर</u>** को तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया जिसमें **<u>श्री नेहरा जी</u>** ने उपस्थित होकर **रोवर्स/रेजर्स** को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने **स्काउट गाईड** के विषय में सामान्य जानकारी देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला तथा इसी के साथ इसकी स्थापना के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोद्य **<u>डॉ0 आर0सी0लाल जी</u>**, **<u>डॉ0 के.के.शमा र्जी</u>**, **<u>डॉ0 विवेकशील जी</u>** उपस्थित थे। शिविर में 72 रोवर्स एवं 28 रेंजर्स उपस्थित थे।

शिविर के दूसरे दिन दिनांक **<u>20.12.2016</u>** को महाविद्यालय में होने वाले तीन दिवसीय **रोवर्स/रेंजर्स** शिविर के सभी **रोवर्स/रेंजर्स** ने **रोवर्स प्रभारी <u>डॉ0 मयंक मोहन</u>** तथा **रेंजर्स प्रभारी <u>डॉ0 सीमाराज जी</u>** के समक्ष स्काअट की प्रतिज्ञाओं, नियमों को दोहराते हुए ध्वज गान किया तथा यह वचन लिया कि महाविद्यालय के ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी वे निरन्तर आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वहां जरूरतमंद लोगों की अपने शारीरिक सामर्थ्य के अनुसार मदद करेंगे तथा अन्य लोगों को भी इस सेवा कार्य को करने के लिये प्रेरित करेगें। इस दिन रोवर्स/रेंजर्स ने श्री नेहरा जी तरह–तरह की गांठे लगाने का कार्य सीखा तथा आपात कालीन स्थिति में घायलों की मदद कैसे की जाये इसकी जानकारी भी प्राप्त की।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे एवं अन्तिम दिन दिनांक **21.12.2016** को **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा उन सब क्रियाओं का प्रदर्शन करना था जो कि उन्होंने सीखी थी इसके लिये रोवर्स/रेंजर्स में एक अलग ही उत्साह दिखाई दे रहा था। अलग–अलग टोलियों के रूप में 10–10 सदस्यों की रोवर्स की 7 टोलियां बनी तथा रेंजर्स की 3 टोलियां बनी। इस सभी टोलियों ने महाविद्यालयल प्रांगण में तरह–तरह के तम्बू लगाकर तथा अत्यन्त सीमित साधनों के साथ किस प्रकार दूसरों की मदद की जा सकती है का संदेश देते हुए एक अद्‌भुत वातावरण का निमार्ण किया। इसके साथ ही **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा कैम्प फॉयर का आयोजन करके विभिन्नि कार्यक्रमों की प्रस्तुती की। **श्री नेहरा जी** ने स्वयंसेवकों को तम्बू लगाना, पुल बनाना तथा सीमित साधनों में अपनी आवश्यकताओं को पूर्ण करने का प्रशिक्षण प्रदान किया जिसे सभी स्वयंसेवकों ने पूरे मनोयोग के साथ सीखा। शिविर समापन से पूर्व **डॉ0 अरूण जी** तथा **डॉ0 क्षमा गोयल जी** ने शिविर का निरीक्षण किया तथा स्वयंसेवकों का उत्साह बढाया। इस अवसर पर **डॉ0 मनोज** तथा दोनों टीमों के लीडर उपस्थित थे।

दिनांक **25 जनवरी 2017** को मतदाता **जागरूकता दिवस** के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में लगभग 180 **रोवर्स/रेंजर्स** ने प्रतिभाग किया। प्रातः 8 बजे महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य महोद्‌य द्वारा सभी स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता के विषय में संबोधित किया गया तत्पश्चात् मतदाता जागरूकता से संबधित बैनर्स के साथ **डॉ0 मयंक मोहन** की देख–रेख में स्वयंसेवकों ने अपने महाविद्यालय से **गिन्नी देवी कॉलेज, मोदीनगर** तक एक रैली निकाली। **गिन्नी देवी कॉलेज, मोदीनगर** में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें हमारे महाविद्यालय की **रोबर्स/रेंजर्स** टीम ने प्रतिभाग किया तथा रंगारग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी **श्री अतुल कुमार जी** ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

दिनांक **26 जनवरी 2017** को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात् **रोबर्स/रेंजर्स** टीम के स्वयंसेवकों ने देशभक्ति

के गीतों को प्रस्तुत किया इस अवसर पर प्राचार्य महोद्य उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण, कर्मचारी वर्ग एवं महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।

दिनांक **28** एवं **30** **जनवरी 2017** को दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने **डॉ0 मयंक मोहन जी** एवं **डॉ0 सीमाराज जी** के नेतृत्व में संभावित समागम कैम्प की तैयारी की इस दिन **रोबर्स/रेंजर्स** टीम के स्वयंसेवकों ने अपने पूर्व में किये तीन दिवसीय शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण का पुनः अभ्यास किया।

दिनांक **2 फरवरी** को प्राचार्य महोद्य से प्राप्त पत्र के आधार पर सूचना प्राप्त हुई कि **7 फरवरी 2017** को मतदाता जागरूकता के सन्दर्भ में मोदीनगर के निवासी **वकील श्री लोकेन्द्र जी** के द्वारा एक मानव श्रंखला का निर्माण किया जाना है जिसमें हमारे महाविद्यालय को प्रतिभाग करना है। उक्त कार्य हेतु दिनांक **6** एवं **7** **फरवरी** को दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें **6** **फरवरी** को दोपहर 2 बजे **वकील साहब श्री लोकेन्द्र** ने स्वयंसेवको को संबोधित किया तथा उन्हें लोकतंत्र के इस महापर्व के लिये साक्षी एवं सहयोगी बनने का आहवान किया। तत्पश्चात् **डॉ0 मयंक मोहन** एवं **डॉ0 सीमाराज** ने भी **स्वयंसेवकों** को **7** **फरवरी** को बनने वाली मानव श्रंखला में प्रतिभाग करने के लिये सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।

दिनांक **7 फरवरी 2017** को प्रातः 9.30 बजे 55 **रोवर्स** एवं 32 **रेंजर्स** अपने अधिकारियों **डॉ0 मयंक मोहन जी** एवं **डॉ0 सीमाराज जी** के साथ महाविद्यालय प्रांगण में उपस्थित थे। यहां से 12 **रेंजर्स** को **रूकमणी देवी कॉलेज** व्यवस्था बनाने के लिये भेजा गया। 15 **रेंजर्स** अपनी अधिकारी **डॉ0 सीमाराज जी** के साथ **गिन्नीदेवी कॉलेज** में व्यवस्था को बनाने के लिये गयी। इसी प्रकार **डॉ0 मयंक मोहन** के नेतृत्व में महाविद्यालय के सभी **स्वयंसेवकों** ने **मोदी मन्दिर** से लेकर **राज चौपला** तक मानव श्रंखला को व्यवस्थित बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रार्चाय **डॉ0 आर0 सी0 लाल साहब** ने सभी **स्वयंसेवकों** को बधाई देते हुए उनका मार्गदर्शन किया।